Title: Need to rehabilitate the Tawaria Scheduled Tribes to ensure that they do not indulge in anti-social/criminal activities.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान तावरिया जनजाति द्वारा किए गए अपराधों की तरफ खींचना चाहता हूं। ये आदिवासी पूरे भारत में घूम कर हत्याएं और लूट के कार्य संपादित कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र खीरी में कई घटनाएं इन जनजातियों के गिरोहों द्वारा की गई हैं जिनमें पूरे के पूरे परिवारों की जघन्य हत्या कर दी गई है तथा लूटपाट की गई है। ये गिरोह अंतर्जनपदीय तथा अंतर्राज्यीय स्तर पर कार्यरत हैं जिनके अपराधों की रोकथाम के लिए अंतर्जनपदीय तथा अंतर्राज्यीय स्तर पर पुलिस का सहयोग तथा डाटा संकलन आवश्यक है।

सरकार से अनुरोध है कि इन आपराधिक प्रवृत्ति की जनजातियों के पुनर्वास की व्यवस्था करे तथा इनकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशे व्य वस्था करे।